अभ्यास

मौखिक

(क) आँगन में कुटी बनाकर किसे रखना चाहिए?

आँगन में कुटी बनाकर निंदक को रखना चाहिए।

(ख) कबीर ने किस-किस की अति को अच्छा नहीं कहा है?

कबीर ने अत्यधिक बातें करना, चुप रहना, वर्षा होना तथा धूप होना को अच्छा नहीं माना है।

(ग) व्यक्ति के पास संपत्ति होने पर किस प्रकार के लोग उसके मित्र बन जाते हैं?

व्यक्ति के पास संपत्ति होने पर स्वार्थी लोग उसके मित्र बन जाते हैं।

(घ) तुलसी ने अभिमान को पाप का मूल क्यों कहा है?

अभिमानी होने पर मनुष्य अनेक प्रकार का पाप कर्म करता है, इसलिए तुलसी ने अभिमान को पाप का मूल कहा है।

(ङ) तुलसी के अनुसार बरसात में कोयल क्यों चुप हो जाती है?

बारिश के मौसम में मेंढकों के टर्राने की आवाज इतनी अधिक हो जाती है कि कोयल की मीठी बोली उस कोलाहल में बंद हो जाती है।

(च) तुलसी के अनुसार क्या दुर्लभ है?

तुलसी के अनुसार संतों की भेंट और हरि की कथा का प्रवचन का श्रवण बहुत ही दुर्लभ है।

लिखित

(क) कबीर प्रेम के कितने अक्षर बताते हैं?

कबीर प्रेम के ढाई अक्षर बताते हैं।

(ख) रहीम क्या न तोड़ने की सलाह देते हैं?

रहीम प्रेम रूपी नाजुक धागे को नहीं तोड़ने की सलाह देते हैं।

(ग) चंदन वृक्ष पर सर्प लिपटे रहने पर भी उसमें विष का असर नहीं होता – यह किसने कहा है?

चंदन वृक्ष पर सर्प लिपटे रहने पर भी उसमें विष का असर नहीं होता – यह रहीम ने कहा है।

(घ) दया को धर्म का मूल किसने बताया है?

दया को धर्म का मूल तुलसीदास ने बताया है।

(ङ) सावन के महीने में कौन वक्ता बन जाता है?

सावन के महीने में दादुर [मेंढ़क] वक्ता बन जाता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(क) कबीर ने निंदा करने वाले को समीप रखने को क्यों कहा है?

कबीर ने निंदा करने वाले व्यक्ति को आंगन में कुटिया बनाकर निकट में रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना पानी और साबुन के भी व्यक्ति के स्वभाव को निर्मल बना देता है। इसलिए कबीर ने निंदा करने वाले व्यक्ति को समीप रखने को कहा है।

(ख) 'ढाई आखर प्रेम का' का क्या अर्थ है?

'ढाई आखर प्रेम का' जो पाठ पढ़ता है, वही पण्डित या ज्ञानी बनता है। अर्थात् प्रेम का जो वास्तविक रूप जान लेता है, वही सच्चा ज्ञानी होता है।

(ग) परस्पर प्रेम का धागा टूट जाने का क्या परिणाम होता है?

रहीम जी कहते हैं कि क्षणिक आवेश में आकर प्रेम रूपी नाजुक धागे को कभी नहीं तोड़ना चाहिए क्योंकि एक बार धागा टूट जाये तो पहले जुड़ता नहीं और अगर जुड़ भी जाए तो उसमें गांठ पड़ जाती है।

(घ) रहीम ने सच्चा मित्र किन्हें कहा है?

विपत्ति में जो हर तरह से साथ देता है, रहीम ने उन्हें सच्चा मित्र कहा है।

(ङ) रहीम ने चंदन वृक्ष के साथ सर्प के लिपटे रहने का उदाहरण किस बात को सिद्ध करने के लिए दिया है?

रहीम कहते हैं जो अच्छे स्वभाव के मनुष्य होते है, उनको बुरी संगति भी बिगाड़ नहीं पाती, जहरीले सांप चन्दन के वृक्ष से लिपटे रहने पर भी उस पर कोई जहरीला प्रभाव नहीं डाल पाते।

1. सही उत्तर पर सही [✓] का निशान लगाइए -

(क) औषधि

(ख) निंदा करने वाला

(ग) अक्षर

(घ) मेंढक

2. 'हाँ' या नहीं में उत्तर दीजिए -

(क) हाँ

(ख) नहीं

(ग) नहीं

(घ) नहीं

(ङ) हाँ